# यदि स्कूल बन्द हो जाते हैं तो घर पर पढ़ाई करना

## माता-पिता व देखभाल कर्ताओं के लिए जानकारी

यदि आपके बच्चे के स्कूल को बन्द करना पड़ता है तो स्कूल अपने आम तरीकों के माध्यम (यह इमेल, SMS, वेबसाइट हो सकती है) से परिवारों से संपर्क करेगा।

यदि स्कूल लम्बे समय के लिए बन्द कर दिए जाते हैं तो स्कूल आपके बच्चे के लिए घर पर पढ़ाई करने की गतिविधियाँ लगातार भेजता रहेगा तथा आप से उसकी पढ़ाई के संबंध में बात-चीत करता रहेगा।

पूरे राज्य के अनेकों स्कूलों में शिक्षक पहले से ही आनलाईन साधनों का उपयोग करके पढ़ाई की गतिविधियाँ प्रदान करते हैं व उनका प्रबंधन करते हैं। हो सकता है कि कुछ स्कूल पढ़ाई का अधिक हिस्सा या सारी पढ़ाई की गतिविधियाँ आनलाईन कर दें। इसमें कुछ पाठ ों को सीधे प्रसारण द्वारा प्रदान करना शामिल हो सकता है। यदि आपके या आपके स्कूल के पास डिजिटल या आनलाईन विकल्प नहीं हैं तो वे ग़ैर-डिजिटल तरीकों का उपयोग करेंगे। इसमें वर्कशीट, पढ़ाई की पुस्तकें या USB ड्राईव जिनमें डिजिटल वर्कशीट व वीडियों होंगे, आपके बच्चे के साथ या डाक द्वारा आपके घर भेजना शामिल हो सकता है।

शिक्षक भी विद्यार्थियों से समूहों में या एक-एक करके फ़ोन से संपर्क कर सकती हैं।

यह सूचना-पत्र आपकी मदद करेगा यह समझने में कि आप अपने बच्चे को घर पर पढ़ाई करने में किस प्रकार सहायता दे सकते हैं, जिसमें निम्नलिखित शामिल है:

- आपकी ज़िम्मेदारियाँ – अपने बच्चे को घर से पढ़ाई करने में मदद देने के लिए आपको कई चीज़ें करनी होंगी, जैसे कि दिनचर्या बनानी, एक शान्त स्थान ढूँढना तथा यह पूछते रहना कि उनकी पढ़ाई कैसी चल रही है।
- आपके बच्चे की ज़िम्मेदारियाँ - आपके बच्चे को भी उनके लिए बनाई गई दिनचर्या का पालन करना व शिक्षक द्वारा दिए गए काम को जितना अच्छी से अच्छी तरह कर सकते हैं पूरा करना होगा।
- उनका दिन का कार्यक्रम किस प्रकार बनाना है – आपका स्कूल आपको कुछ सलाह व गाईडलाईन देगा कि आपके बच्चे को दिन में क्या काम करना चाहिए।
- उनके हित का ध्यान करना – आपको सुनिश्चित करना होगा कि वे बीच-बीच में आराम करें, पानी पिएँ व मानसिक तनाव में आएँ व बैचेन न हों।
- आपस में बात करना – यह भी आवश्यक होगा कि आप अपने बच्चे से पढ़ाई के बारे में नियमित रूप से बात करें। आपके बच्चे का शिक्षक व/या स्कूल आपसे बात करके बताएगा कि उनसे संपर्क कैसे किया जा सकता है।
- टेक्नलॉजी व स्क्रीन समय का उपयोग करना – यह भी आवश्यक होगा कि आप अपने बच्चे का निरीक्षण करते रहें कि आपका बच्चा टेक्नलॉजी का उपयोग सुरक्षित रूप से करे और आप इसको सीमित करें कि वह ऑनलाईन कितना समय बिता सकता है।

## टेलिफ़ोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको अधिक जानकारी चाहिए तो कृपया स्कूल के प्रिन्सिपल को फ़ोन करें। यदि आपको अपना प्रश्न पूछने के लिए दुभाषिए की मदद की आवश्यकता है तो कृपया टेलिफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें व अपनी भाषा में दुभाषिया माँगें। इस सेवा का कोई शुल्क नहीं है।